आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311


# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 16 लखनऊ, मंगलवार 28 जुलई से 06 अगस्त, 2020 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## कोरोना का टेस्ट और बढ़ाया जाये : योगी


लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टेस्टिंग क्षमता में लगातार वृद्धि किए जाने के निर्देश दिए हैं और कहा है कि २५ लाख तक की जनसंख्या वाले जिलों में एक हजार से अधिक तथा २५ लाख से अधिक आबादी वाले जिलों में १,५०० से अधिक टेस्ट एन्टीजन के माध्यम से प्रतिदिन किए जाएं। मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले के प्रत्येक चिकित्सालय में रैपिड एन्टीजन टेस्ट की व्यवस्था हो। उन्होंने ट्रूनैट मशीन के माध्यम से प्रतिदिन २,५०० से अधिक टेस्ट किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त तथा अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य को मंगलवार २८ जुलाई, को बरेली और मुरादाबाद मण्डलों में कोविड–१६ के दृष्टिगत स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की मौके पर समीक्षा करने के निर्देश दिए।



उन्होंने अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा तथा अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज को भी आगरा तथा अलीगढ़ मण्डलों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की मौके पर समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री को कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर तथा झांसी मण्डलों की समीक्षा के निष्कर्षों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समीक्षा के दौरान डोर–टू–डोर सर्वे, कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग, संक्रमण की दृष्टि से संदिग्ध पाए गए लोगों का रैपिड एन्टीजन टेस्ट, एम्बुलेंस व्यवस्था, एल–१, एल–२ तथा एल–३ कोविड चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेजों सहित सभी चिकित्सालयों में डॉक्टरों द्वारा राउण्ड लिए जाने, होम आइसोलेशन व्यवस्था आदि की जानकारी प्राप्त की जाए। समीक्षा के सम्बन्ध में उन्हें रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एल–१ कोविड अस्पतालों में ५० प्रतिशत बेड्स पर आक्सीजन की व्यवस्था रहे। एल–२ कोविड चिकित्सालय के सभी बेड्स पर ऑक्सीजन उपलब्ध रहे।

## मोदी ने सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ( सीआरपीएफ) के ८२ वें स्थापना दिवस पर बल के कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए वर्षों में नयी ऊंचाइयों को छूने की कामना की है। मोदी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, इस असाधारण बल के कर्मियों को ८२ वें स्थापना दिवस की बधाई। हमारे देश को सुरक्षित रखने में बल अग्रिम मोर्चे पर डटा रहता है। बल के साहस और पेशेवराना की सर्वत्र प्रशंसा होती है। आने वाले वर्षों में बल और नयी बुलंदियों पर पहुंचे। बल की स्थापना २७ जुलाई १६३६ को नीमच में हुई थी। उस समय बल का नाम क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस



(सीआरपी) था। देश के आजाद होने के बाद पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने नाम सीआरपीएफ किया था।

## शाह ने सीआरपीएफ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के ८२ वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं




देते हुए कहा कि वीरता, साहस और बलिदान के प्रतीक बल ने वैश्विक महामारी कोविड–१६ की चुनौती से निपटने में अपने समर्पण भाव से सेवा कर देश को एक बार फिर गौरवान्वित किया है। शाह ने कहा, सीआरपीएफ पराक्रम, साहस और बलिदान का प्रतीक है। बल ने एक बार देश को फिर गौरवान्वित किया है। वैश्विक महामारी कोविड–१६ में बल की समर्पण भाव से इसकी सेवा का कोई सानी नहीं है। मैं लाखों भारतीयों के साथ मिलकर ८२ वें स्थापना दिवस पर बल के बहादुर कर्मियों और इनके परिवारों को शुभकामनाएं देता हूं। बल की स्थापना २७ जुलाई १६३६ को नीमच में हुई थी। उस समय बल का नाम क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस (सीआरपी) था। देश के आजाद होने के बाद पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सीआरपीएफ नाम दिया था।

## ६६ हजार शिक्षक भर्ती मामले में सीबीआई जांच की याचिका खारिज

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में ६६ हजार शिक्षक भर्ती मामले में सीबीआई जांच कराए जाने की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राघवेंद्र सिंह व सहयोगी अपर मुख्य स्थाई अधिवक्तता रनविजय सिंह ने सुनवाई के समय अदालत को बताया कि इस मामले में सरकार द्वारा पहले से जांच चल रही है और कई आरोपियों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। यह भी कहा कि जनहित याचिका पोषणीय नहीं है। न्यायमूर्ति पंकज कुमार जायसवाल व न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पंवार की खण्ड पीठ ने यह आदेश स्थानीय वकील सतेन्द्र कुमार सिंह की ओर से दायर जनहित याचिका को खारिज करते हुए दिए। याची ने आरोप लगाया था कि प्रदेश में ६६



हजार शिक्षक भर्ती मामले में भर्ती के नाम पर लोगो से बहुत अधिक पैसा लिया गया। इस मामले में कई लोगो व शिक्षा माफियाओ को गिरफ्तार भी किया गया है। याची ने जनहित याचिका में बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ सतीश चंद्र द्विवेदी को भी विपक्षी पक्षकार बनाते हुए पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराने की माग की थी। महाधिवक्ता ने सुनवाई के समय इस पर कड़ा विरोध जताया कि याची शिक्षा मंत्री को नाम से पक्षकार कैसे बना सकता है। कहा कि इस मामले में याची की साख व इंटेंशन दोनों पर संदेह दिखाई दे रहा है। कहा कि पूरा मामला प्रयागराज जिले से सम्बंधित है तथा इसमें एसटीएफ जांच कर रही है और कई आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। लिहाजा याचिका प्रीमेच्योर है। अदालत ने याची के वापस लेने के आग्रह पर याचिका खारिज कर दी है।

## राजस्थान प्रकरण को लेकर राजभवन के सामने लल्लू गिरफ्तार

लखनऊ। राजस्थान में सरकार बनाम राज्यपाल की चल रही जंग में कांग्रेस हर राज्य के राजभवन के सामने प्रदर्शन कर स्पीक अप फॉर डेमोक्रेसी अभियान चला रही है और इसी के तहत तहत आज लखनऊ में राजभवन के सामने प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों को प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू समेत पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सभी को अस्थायी जेल ईको गार्डन भेज दिया है । कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया भी मौजूद रहे। लल्लू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान में चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश कर रही है। केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के इशारे पर



राजस्थान में सरकार को गिराने का खेल चल रहा है। गिरफ्तारी पर लल्लू ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार उन पर जितना भी जुल्म करे लेकिन वो अपनी बात कहने से पीछे नहीं हटेंगे।

## लोकतंत्र भाजपा के छल कपट से नहीं चलेगा : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर छल कपट की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि देश का लोकतंत्र संविधान के दायरे में चलेगा और भाजपा इस संबंध में अपने षड्यंत्र में कामयाब नहीं होगी। गांधी ने ट्वीट किया, भारत का लोकतंत्र संविधान के आधार पर जनता की आवाज से चलेगा। भाजपा के छल–कपट के षड्यंत्र को नकारकर देश की जनता लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करेगी। इस बीच कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि राज्यपाल संविधान का रखवाला होता है और केंद्र सरकार तथा न्यायालय उन्हें संविधान के दायरे में काम करने के लिए पूछ सकता है और राज्य में संविधान के पालन को लेकर भी उनसे जानकारी ले सकते है।

# सम्पादकीय

## यूपी जंगल राज कायाम

यूपी इस वक्त जंगल राज कायाम हैए कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चूकी है पिछले हफ्ते उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक पत्रकार को उन बदमाशों के खिलाफ शिकायत करना जानलेवा साबित हुआ, जिन्होंने उनकी भांजी के साथ छेड़खानी की थी। बदमाशों ने पत्रकार विक्रम जोशी को गोली मार दी, क्योंकि उन्होंने अपनी भांजी के साथ छेड़खानी की शिकायत पुलिस से की थी। खबरों के मुताबिक विक्रम जोशी जब अपनी दो बेटियों के साथ मोटरसाइकिल पर घर लौट रहे थे, उसी दौरान कुछ बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। यह सब उस वक्त हो रहा था, जब उनकी दो बेटियां उनके साथ थीं। मारपीट के बाद आरोपियों ने जोशी के सिर पर गोली मार दी। उन्हें गंभीर हालत में गाजियाबाद के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी २२ जुलाई को मौत हो गई। जोशी के परिवार का कहना है कि उन्होंने उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। घटना के बाद चौकी इंचार्ज को लचर रवैये के कारण निलंबित कर दिया गया। गाजियाबाद पुलिस के मुताबिक हत्या के मामले में ६ लोग गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध हथियार भी बरामद किया। मगर इस घटना से उठे सवाल इससे खत्म नहीं हो जाते। इस घटना ने समाज के सभी वर्गों को परेशान किया है। पत्रकार, राजनीतिक दल और सामान्य नागरिकों की तरफ से प्रदेश की कानून व्यवस्था पर वाजिब सवाल खड़े किए गए हैं। सवाल कर है कि विक्रम जोशी पुलिस से शिकायत करते रहे, लेकिन पुलिस ने समय पर कार्रवाई क्यों नहीं की। जोशी की भांजी ने एक टीवी चैनल को बताया कि आरोपी उसके साथ बीते दो–तीन साल से छेड़खानी कर रहे थे। जब वह गली से गुजरती थी तो आरोपी उस पर भद्दी टिप्पणियां करते और परेशान करते थे। लाजिमी है कि एक पत्रकार की इस तरह से हत्या पर विपक्षी दलों ने सवाल उठाए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, बंगाल की मुख्यमंत्री ममत बनर्जी, और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत कई नेताओं ने जोशी की हत्या पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को घेरा। कई नेताओं ने जोशी की हत्या के आरोपियों को कड़ी सजा देने की भी मांग की।

## अस्पतालों की व्यवस्था पर ध्यान दे सरकार : मायावती


लखनऊ। वैश्विक महामारी कोविड–१९ के उत्तर प्रदेश में बढ़ते मामलों के प्रति चिंता का इजहार करते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने टेस्टिंग की रफ्तार बढ़ाने और कोविड अस्पतालों की सुविधाओं पर ध्यान देने की मांग की है। मायावती ने ट्वीट किया देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में कोरोना महामारी के दिन–प्रतिदिन बढ़ने से यहाँ की जनता जिस प्रकार से काफी चिन्तित व त्रस्त है, उसके मद्देनजर कोरोना टेस्टिंग, अस्पतालों में सुविधा व कोविड केन्द्रों की साफ–सफाई आदि पर सरकार तुरन्त उचित ध्यान दे, बीएसपी की यह माँग है।



गौरतलब है कि यूपी में पिछले एक पखवाड़े के दौरान कोरोना संक्रमित नये मरीजों की तादाद में ढाई गुने तक का इजाफा हुआ है। इस बीच हालांकि कोरोना टेस्टिंग की रफ्तार भी बढ़ी है और कल तक यह क्षमता ५० हजार नमूने प्रति दिन की हो चुकी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिये है कि कोरोना संक्रमण को काबू में करने के लिये टेस्टिंग क्षमता को एक लाख प्रति दिन करने की कार्ययोजना पर काम किया जाये। गौरतलब है कि योगी सरकार के छह मंत्री भी कोरोना संक्रमित हो चुके हैं।

## योगी ने गोरखपुर में बाढ़ के हालात का लिया जायजा


लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के सहजनवा क्षेत्र में नदियों के बढ़ते जलस्तर के कारण जलमग्न क्षेत्रों की स्थिति का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने ललित नारायण मिश्र रेलवे हॉस्पिटल तथा एम्स गोरखपुर में कोरोना से संक्रमित मरीजों के इलाज के लिये एल–२ के चिकित्सालय बनाये जाने की तैयारियों का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बढ़ते हुए जलस्तर के निरीक्षण के बाद बाढ़ सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सभी बंधे को सुरक्षित रखने के लिये तटबंधों की निरन्तर निगरानी के निर्देश दिये। उन्होंने बाढ़ प्रभावित



क्षेत्रों में नावों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिये। बाद में योगी ने ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय तथा एम्स का निरीक्षण किया और कहा कि कोविड संक्रमण के मद्देनजर शीघ्र ही वहां एल–२ चिकित्सालय बनाने का कार्य पूर्ण कर मरीजों का इलाज शुरू किया जाये। उन्हें बताया गया कि एम्स में प्रथम चरण में ५० बेड का तथा द्वितीय चरण में भी ५० बेड का कोरोना मरीजों के लिए वार्ड बनाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर, जिलाधिकारी श्री के विजयेन्द्र पाण्डियन समेत पुलिस, रेलवे, बाढ़, सिंचाई एवं एम्स के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## योगी ने १५ आईपीएस अधिकारियों का किया तबादला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन पुलिस अधिकारियों पर शिकंजा कसा है, जो कथित रूप से अपने–अपने जिलों में कानून–व्यवस्था को नियंत्रित करने में विफल रहे हैं। इनमें १५ आईपीएस अधिकारी शामिल हैं, जिनका तबादला और पोस्टिंग से संबंधित आदेश जारी किया गया है। कल रात जारी किए गए तबादले और पोस्टिंग संबंधी आदेशों के अनुसार, कानपुर एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु को झांसी स्थानांतरित कर दिया गया है, वहीं उनके पद में कोई बदलाव नहीं किया गया है। गौरतलब है कि २–३ जुलाई की रात को बिकरू गांव में आठ पुलिस अधिकारियों की हत्या और एक लैब तकनीशियन की अपहरण–हत्या के मद्देनजर उनका स्थानांतरण हुआ है। कानपुर में प्रभु का कार्यकाल विवादों से भरा रहा और ज्यादातर मामलों में पुलिस की भूमिका संदिग्ध रही। गैंगस्टर विकास दुबे



की १० जुलाई को मुठभेड़ और लैब टेक्नीशियन की रिहाई के लिए दी गई फिरौती की रकम ने पुलिस की भूमिका को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया था। अब तक अलीगढ़ रेंज के डीआईजी के पद पर तैनात रहे प्रीतिंदर सिंह अब कानपुर के नए डीआईजी/एसएसपी होंगे। अमेठी की एसपी ख्याति गर्ग को लखनऊ पुलिस कमिशनरेट में डीसीपी (केंद्रीय) के रूप में स्थानांतरित किया गया है, जबकि डीसीपी सेंट्रल दिनेश सिंह अमेठी के नए एसपी होंगे। अपने पड़ोसियों के साथ एक नाले को लेकर हुए विवाद के बाद पिछले सप्ताह लखनऊ में एक महिला ने जान दे दी थी, जिसके बाद गर्ग ने सुर्खियां बटोरीं थी। महिला का दावा था कि पुलिस ने उसकी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं की। वहीं एक अन्य घटना में एक सेना के जवान के पिता को २१ जुलाई को बदमाशों ने मार डाला था। पुलिस ने कार्रवाई शुरू की और पांच आरोपियों को एक वीडियो क्लिप के वायरल होने के बाद गिरफ्तार कर लिया था।

## संजीत यादव मामले में कौन रोक रहा है पुलिस के कदम : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में अपहृत युवक की हत्या के मामले में पुलिस की कार्यशैली पर संदेह व्यक्त करते हुये कहा कि सरकार को साफ करना चाहिये कि पुलिस को इस संवेदनशील मामले में कदम उठाने से कौन रोक रहा है। कानपुर के बर्रा क्षेत्र में पैथालोजी तकनीशियन संजीत यादव का पिछली २२ जून को अपहरण कर लिया गया था जबकि पुलिस ने गुरूवार रात अपहृत युवक के चार दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया। यादव ने इस सिलसिले में पुलिस के रवैये पर सवाल उठाते हुये ट्वीट किया भाजपा सरकार स्पष्ट करे कि कानपुर में अपहृत युवक की हत्या के बाद उसकी लाश क्यों नहीं मिली। वहाँ 'कौन' पुलिस को सार्थक कदम उठाने से रोक रहा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कल पीडित परिवार से मिलकर उन्हे पार्टी की ओर से पांच लाख रूपये का चेक आर्थिक मदद के तौर पर दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने योगी सरकार से मांग की थी कि वह पीड़ित परिवार को ५० लाख रूपये का मुआवजा दे और साथ ही



फिरौती के तौर पर दी गयी रकम के बराबर राशि उपलब्ध कराये। सपा अध्यक्ष ने गोंडा में अपहरण की घटना के त्वरित निस्तारण के लिये पुलिस की तारीफ करते हुये कहा गोण्डा पुलिस की त्वरित कार्रवाई से अपहृत बच्चे की सकुशल वापसी सराहनीय है। बच्चे के परिवार ने अब जाकर राहत की साँस ली होगी। गौरतलब है कि गोंडा में व्यापारी पुत्र का बदमाशों ने कल अपहरण कर लिया था और चार करोड़ रूपये फिरौती की मांग की थी। पुलिस और एसटीएफ ने हालांकि आज तड़के एक महिला समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर अपहरण की वारदात का २४ घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया और बच्चे को सकुशल मुक्त करा लिया।

## पीएम फसल बीमा योजना का होगा प्रचार, कृषि मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

अद्भुत समाचार ब्यूरो

लखनऊ। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आठ कालिदास मार्ग आवास से प्रधानमंत्री फसल योजना सुरक्षित किसान राष्ट्र का अभियान गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पीएम फसल बीमा योजना का प्रचार होगा। एचडीएफसी बैंक से कोआर्डिनेशन कर रथ को रवाना किया गया। यह रथ जिलों में किसानों को जागरुक करेंगे। इससे किसान स्वेच्छा से अपनी फसल का बीमा करा सकेंगे।

# योगी ने शिलान्यास की तैयारियों का जायजा लिया


लखनऊ। अयोध्या में पांच अगस्त को होने वाले राममंदिर के शिलान्यास से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अयोध्या जाकर तैयारियों का जायजा लिया। गौरतलब है कि पांच अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर निर्माण के लिए शिलान्यास और भूमि पूजन करेंगे। इस कार्यक्रम की कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कारसेवक पुरम पहुंचे। उन्होंने लोगों से चार और पांच अगस्त को दीपोत्सव मनाने के लिए भी कहा। मुख्यमंत्री ने कहा– हम सभी शुभ कार्यक्रम के लिए एक साथ आएंगे। चार और पांच अगस्त की रात को सभी घरों और मंदिरों में दीपोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने कहा– दीपावली



अयोध्या से जुड़ी है और अयोध्या के बिना त्योहार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। योगी ने कहा– प्रधानमंत्री अयोध्या आ रहे हैं। हम अयोध्या को विश्व का गौरव बनाएंगे। स्वच्छता पहली शर्त होनी चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने संतों और ट्रस्ट के सदस्यों के साथ बैठक भी की। अयोध्या पहुंचने के बाद वे श्रीराम जन्मभूमि परिसर गए और उन्होंने रामलला के दर्शन–पूजन किए। मंदिर परिसर में पहले से ही ट्रस्ट के सदस्य मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने राम जन्मभूमि कार्यशाला में तराशे गए पत्थरों की सफाई के काम का जायजा लिया। इसके बाद वे कारसेवक पुरम पहुंचे। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि में भगवान श्रीराम के भाइयों को नए आसन पर विराजमान कराया।

# आडवाणी ने दर्ज कराया बयान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में विवादित ढांचा गिराए जाने के मामले में आरोपी भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने शुक्रवार को सीबीआई की विशेष अदालत के सामने अपना बयान दर्ज कराया। इससे पहले डक्टर मुरली मनोहर जोशी ने बयान दर्ज कराया था। डॉक्टर जोशी की ही तरह आडवाणी ने भी लगभग हर सवाल के जवाब में यहीं कहा कि वे बेकसूर हैं और कांग्रेस पार्टी ने राजनीतिक पूर्वाग्रह से साजिश के तहत उन्हें इस मामले में फंसाया है। आडवाणी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए विशेष अदालत के सामने अपना बयान दर्ज कराया। इससे पहले गुरुवार को मुरली मनोहर जोशी ने भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अपने बयान दर्ज कराए थे। अयोध्या में विवादित ढांचा ढहाए जाने के मामले में इस समय आरोपियों के बयान दर्ज किये जा रहे हैं। सभी ३२ आरोपियों के बयान सीआरपीसी की धारा ३१३



के तहत दर्ज हो रहे हैं। विशेष अदालत मामले की रोजाना सुनवाई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक उसे ३१ अगस्त तक मामले की सुनवाई पूरी कर लेनी है। उमा भारती और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह इस मामले में अपने बयान दर्ज करा चुके हैं। बहरहाल, शुक्रवार की सुबह ११ बजे से शाम चार बजे तक चली सुनवाई में आडवाणी से करीब एक सौ सवाल पूछे गए। ज्यादातर सवालों के जवाब में आडवाणी ने कहा कि उस समय की कांग्रेस सरकार ने उन्हें साजिश के तहत फंसाया था। वे पूरी तरह निर्दोष हैं। गौरतलब है कि अयोध्या में विवादित ढांचा ढहाने के मामले में छह दिसंबर १९९२ को थाना राम जन्मभूमि में एफआईआर दर्ज की गई थी। सीबीआई ने ४९ आरोपियों के खिलाफ विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। इनमें १७ आरोपियों की मौत हो चुकी है। चार्जशीट में आडवाणी, उमा भारती, कल्याण सिंह, अशोक सिंघल, डा. मुरली मनोहर जोशी, विनय कटियार, साध्वी ऋतंभरा सहित १३ नेताओं के नाम हैं।

# सरकार कानून–व्यवस्था के मामले में तुरंत हरकत में आए : मायावती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कानपुर के संजीत के अपहरण के बाद फिरौती दिलाने और फिर उसकी हत्या हो जाने की घटना पर बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि वह अपराध–नियंत्रण व कानून–व्यवस्था के मामले में तुरंत हरकत में आए। मायावती ने ट्वीट किया, यूपी में जारी जंगलराज के दौरान एक और घटना में कानपुर में अपहरणकर्ताओं द्वारा श्री संजीत यादव की हत्या करके शव को नदी में फेंक दिया गया जो अति–दुखद व निन्दनीय है। प्रदेश सरकार खासकर अपराध–नियंत्रण व कानून–व्यवस्था के मामले में तुरन्त हरकत में आए, बीएसपी की यह मांग है। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश के कानपुर के बर्रा से करीब एक माह पहले लैब टेक्नीशियन संजीत यादव का अपहरण फिरौती के लिए उसके दोस्त ने साथियों के साथ मिलकर किया था। उसकी हत्या कर लाश पांडु नदी में फेंक दी थी। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। शव ढूढने के लिए पुलिस ने टीमों को लगाया है।

# तीन पूर्व कानून मंत्रियों की राज्यपाल को चिट्ठी


नई दिल्ली। मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार में कानून मंत्री रहे तीन नेताओं ने राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र को



चिट्ठी लिखी है। कांग्रेस के तीन वरिष्ठ नेताओं कपिल सिब्बल, सलमान खुर्शीद और अश्विनी कुमार ने सोमवार को कलराज मिश्र को चिट्ठी लिख कर उनसे अनुरोध किया कि वे अशोक गहलोत मंत्रिमंडल की सिफारिश पर विधानसभा सत्र बुलाएं क्योंकि ऐसा नहीं करने से संवैधानिक संकट पैदा होगा। तीनों नेताओं ने इस चिट्ठी में यह भी कहा कि राज्यपाल की तरफ से सत्र बुलाने में देरी करने से राजस्थान में एक ऐसा संवैधानिक गतिरोध पैदा हो गया है, जिसे पहले ही टाला जा सकता था। उन्होंने २०१६ के नबाम रेबिया मामले और १९७४ के शमशेर सिंह बनाम भारत सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट का हवाला देते हुए कहा–राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सलाह पर विधानसभा सत्र बुलाने को बाध्य हैं। तीनों पूर्व कानून मंत्रियों ने कहा कि विधानसभा सत्र बुलाने की स्थापित संवैधानिक स्थिति से इतर जाने से संवैधानिक संकट पैदा होगा। गौरतलब है कि राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का राज्य मंत्रिमंडल का संशोधित प्रस्ताव कुछ सवालों के साथ सरकार को वापस भेज दिया है। कांग्रेस के एक और वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने इस मामले में कहा कि राज्यपाल ने संसदीय लोकतंत्र को कमजोर किया है। मुख्यमंत्री बहुमत साबित करना चाहें तो उनका रास्ता कोई नहीं रोक सकता। वे सत्र बुलाने के हकदार हैं।

# बाबरी मामले में भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी ने दर्ज कराया बयान

लखनऊ। बाबरी मस्जिद ढहाये जाने के मामले की सुनवायी कर रही सीबीआई की विशेष अदालत ने बृहस्पतिवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिये भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी का बयान दर्ज किया। विशेष न्यायाधीश एस के यादव ने भाजपा के ८६ वर्षीय वयोवृद्ध नेता जोशी का बयान वीडियो कांफ्रेंस के जरिए दर्ज किया। इस संबंध में पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के शुक्रवार को बयान दर्ज कराये जाने की संभावना है। बाबरी मस्जिद ढहाये जाने के मामले में इस समय आरोपियों के बयान दर्ज किये जा रहे हैं। सभी ३२ आरोपियों के बयान अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा३१३ के तहत दर्ज हो रहे हैं। अयोध्या में छह दिसंबर १९९२ को कारसेवकों ने अयोध्या स्थित विवादित ढांचे को गिरा दिया था। राम मंदिर आंदोलन का नेतृत्व आडवाणी और जोशी ने किया था। भाजपा नेता उमा भारती और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह इस मामले में बयान दर्ज करा चुके हैं। अदालत मामले की रोजाना सुनवायी कर रही है। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुरूप उसे ३१ अगस्त तक मामले की सुनवायी



पूरी कर लेनी है। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने अदालत में तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया था कि उसने राजनीतिक प्रतिशोध के कारण उन्हें इस मामले में फंसाया। कल्याण सिंह ने भी तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि उनके खिलाफ लगाये गये आरोप झूठे और निराधार हैं और वह निर्दोष हैं।

# आगरा मेट्रो परियोजना को सशर्त मंजूरी


आगरा। सुप्रीम कोर्ट द्वारा आगरा मेट्रो परियोजना को हरी झंडी दिखाए जाने के बाद राज्य की चौथी सबसे बड़ी कंपनी उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड (यूपी एमआरसीएल) ने कमर कस ली है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, सबसे बड़ा काम १८,२३० पौधे लगाने का है। बता दें कि आगरा मेट्रो परियोजना की लागत ८,३७९.६२ करोड़ रुपये है। इसमें दो कॉरिडोर हैं सिकंदरा से ताजमहल तक १४ किलोमीटर का मार्ग और आगरा कैंट से कालिंदी विहार तक १५.४ किमी का मार्ग। कॉरिडोर १ में १३ मेट्रो स्टेशन हैं जिनमें से छह एलिवेटेड और सात भूमिगत हैं। इस प्रोजेक्ट से करीब २० लाख लोगों को लाभ होगा। आगरा मेट्रो परियोजना के लिए फिजिबिलिटी स्टडी २०१६ में की गई थी, जिसे २८ फरवरी, २०१६ को मंत्रिमंडल ने अनुमोदित किया था। फिर ८ मार्च, २०१९ को प्रधानमंत्री ने वीडियो कन्फ्रेंसिंग के जरिए इस परियोजना की आधारशिला रखी। लेकिन भारत के सर्वोच्च न्यायालय के प्रतिबंधों और हस्तक्षेप के कारण इसके निर्माण कार्य को रोक दिया गया था। दो दिन पहले ही शीर्ष अदालत ने इसे मंजूरी दी। शीर्ष अदालत ने सेंट्रल एम्पवर्ड कमेटी (सीईसी) की सिफारिशों के अनुसार आगरा मेट्रो परियोजना के कार्यान्वयन के लिए कुछ दिशानिर्देशों और शर्तों के साथ अपनी मंजूरी दी है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि सीईसी की सिफारिशों के अनुसार, यूपीएमआरसी को इस प्रोजेक्ट के लिए प्रस्तावित संख्या से १० गुना अधिक यानि कि १८,२३० पौधे लगाने होंगे। यूपीएमआरसीएल के एमडी कुमार केशव ने कहा, "यह यूपीएमआरसी की पूरी टीम के लिए बहुत खुशी की बात है कि सर्वोच्च न्यायालय ने आखिरकार आगरा मेट्रो परियोजना के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। हमने इसके लिए पहले से ही टेंडर मंगाए हुए हैं।

# गैंगस्टर विकास दुबे का एक और साथी गिरफ्तार

कानपुर। उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मारे गए गैंगस्टर विकास दुबे के एक और सहयोगी शिवम दुबे को गिरफ्तार कर लिया है। विकास दुबे ने ३ जुलाई को बिकरू गांव में घात लगाकर आठ पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी थी। एसटीएफ के एएसपी विशाल विक्रम सिंह ने कहा कि २४ वर्षीय शिवम दुबे इलेक्ट्रनिक एविडेंस के अनुसार हमले के दिन वहां था। इसके अलावा पहले से से गिरफ्तार हो चुके गिरोह के अन्य सदस्यों ने भी इस बारे में बयान दिए हैं। शिवम को गुरुवार रात कानपुर नगर के चौबेपुर पुलिस स्टेशन के पास गादी साबुन कारखाने से गिरफ्तार किया गया। शिवम कथित तौर पर हरदोई में अपने मामा के घर में छिपा हुआ था। पुलिस द्वारा उसे ट्रैक करने पर उसने जगह बदल ली थी। बाद में एक मुखबिर से उसके कानपुर में होने की खबर मिली। एसटीएफ के अनुसार, ३ जुलाई को पुलिस पर हमला करने के लिए इस्तेमाल की गई डबल बैरल बंदूक पहले ही पुलिस जब्त कर चुकी है। शिवम दुबे से पहले एसटीएफ दया शंकर अग्निहोत्री, श्यामू बाजपेयी, जहान यादव और शशिकांत को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं विकास दुबे और उसके पांच सहयोगी प्रभात मिश्रा, अमर दुबे, बुआन दुबे, प्रेम प्रकाश पांडे और अतुल दुबे ३ जुलाई से १० जुलाई के बीच अलग–अलग मुठभेड़ों में मारे गए हैं।

# कोरोना पर मोदी ने किया आगाह

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काफी अरसे के बाद कोरोना वायरस को लेकर सार्वजनिक रूप से कुछ कहा है। पहले जब वे राष्ट्र को संबोधित करते थे तब कोरोना के बारे में बोलते थे। काफी समय के बाद रविवार को उन्होंने रेडिया पर प्रसारित होने वाले अपने मासिक कार्यक्रम की मन की बात में कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर देश के लोगों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस का खतरा टला नहीं है और अब भी वह उतना ही घातक है, जितना शुरुआत के दिनों में था। उन्होंने लोगों से पूरी सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच लोगों की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने महामारी के दौरान सकारात्मक रुख अपनाए रखा। उन्होंने कहा– कोरोना वायरस का खतरा टला नहीं है। कई स्थानों पर यह तेजी से फैल रहा है। हमें बहुत ही ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। हमें यह ध्यान रखना है कि कोरोना वायरस अब भी उतना ही घातक है जितना शुरू



में था। इसलिए, हमें पूरी सावधानी बरतनी है। मोदी ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से पूरे देश ने एकजुट होकर जिस तरह कोरोना वायरस से मुकाबला किया है उसने अनेक आशंकाओं को गलत साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि देश में इस महामारी से उबरने की दर अन्य देशों के मुकाबले बेहतर है। साथ ही कोरोना वायरस के संक्रमण से मृत्यु दर भी दुनिया के ज्यादातर देशों से काफी कम है। प्रधानमंत्री ने कहा– निश्चित रूप से एक भी व्यक्ति को खोना दुखद है, लेकिन भारत अपने लाखों देशवासियों का जीवन बचाने में भी सफल रहा है। प्रधानमंत्री ने कोरोना वायरस संक्रमण से बचने के लिए लोगों से चेहरे पर मास्क लगाने या गमछे का उपयोग करने, दो गज की दूरी का पालन करने, लगातार हाथ धोने, कहीं पर भी थूकने की आदत से तौबा करने के साथ ही साफ–सफाई का पूरा ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने कहा– यहीं हमारे हथियार हैं जो हमें कोरोना से बचा सकते हैं। हमें एक नागरिक के नाते इसमें जरा भी कोताही ना बरतनी है और न किसी को बरतने देनी है। उन्होंने कहा कि देशवासियों को जहां एक तरफ कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई को पूरी सजगता और सतर्कता के साथ लड़ना है तो वहीं दूसरी ओर कठोर मेहनत से अपने कामकाज में गति लानी है और उसको भी नई ऊंचाई पर ले जाना है।

# श्रीनगर में कोई कश्मीरी आतंकी नहीं बचा

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर पुलिस ने दावा किया है कि राज्य में अब कोई कश्मीरी आतंकी नहीं बचा है। कश्मीर पुलिस के आईजी विजय कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए रविवार को बताया कि लश्कर ए तैयबा का आतंकवादी इशफाक



राशिद खान शनिवार को हुई मुठभेड़ में मारा गया, जिसके बाद अब श्रीनगर में कोई कश्मीरी आतंकवादी नहीं बचा है। उन्होंने बताया कि रनबीरगढ़ इलाके में सुरक्षा बलों ने शनिवार को एनकाउंटर में लश्कर ए तैयबा के दो आतंकी मार गिराए थे। इनमें एक लश्कर का टॉप कमांडर इशफाक राशिद खान शामिल था। उन्होंने बताया कि इशफाक राशिद खान श्रीनगर के सोजीथ गांव का रहने वाला था। वह यहां २०१८ से सक्रिय और लश्कर का टॉप कमांडर था। मुठभेड़ में मारा गया दूसरा आतंकी ऐजाज भट पुलवामा का रहने वाला था। आईजी विजय कुमार ने बताया कि अब तक १२ टॉप आतंकवादियों को मारा जा चुका है। इनमें हिजबुल मुजाहिदीन और लश्कर ए तैयबा के चार–चार और जैश ए मोहम्मद के तीन आतंकी शामिल हैं। इन १२ में से एक आईईडी एक्सपर्ट सहित दो आतंकियों को अलग–अलग मुठभेड़ों में मार गिराया गया।

# शिवराज सिंह को हुआ कोरोना

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कोरोना वायरस का संक्रमण हो गया है। शनिवार को उनकी कोरोना की टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इससे पहले भी उनका कई बार कोरोना टेस्ट हुआ था पर हर बार रिपोर्ट निगेटिव आई थी। मुख्यमंत्री ने शनिवार को खुद ट्विट करके इस बात की जानकारी दी कि उनकी टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वे कोरोना से संक्रमित होने वाले देश के पहले मुख्यमंत्री हैं। तीन दिन पहले उनके साथ लखनऊ जाने वाले कैबिनेट मंत्री अरविंद भदौरिया की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। इसके बाद शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और उनकी पत्नी की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई। बहरहाल, मुख्यमंत्री ने शनिवार को ट्विट करके खुद अपने संक्रमित होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा– मैं कोरोना गाइडलाइन का पूरा पालन कर रहा हूं। डॉक्टर की सलाह के अनुसार खुद को क्वरैंटाइन करूंगा



और इलाज कराऊंगा। प्रदेश की जनता से अपील है कि सावधानी रखें, जरा सी असावधानी कोरोना को निमंत्रण देती है। मुख्यमंत्री ने कहा– मैंने कोरोना से सावधान रहने के हर संभव प्रयास किए, लेकिन समस्याओं को लेकर लोग मिलते ही थे। मेरी उन सब को सलाह है कि जो मुझसे मिले, वे अपना टेस्ट करवा लें। शिवराज ने कहा कि कोरोना से घबराने की जरूरत नहीं है। कोरोना का समय पर इलाज होता है तो यह बिल्कुल ठीक हो जाता है। उन्होंने कहा– मैं २५ मार्च से हर शाम कोरोना की समीक्षा बैठक करता रहा हूं। मैं अब वीडियो कांफ्रेंसिंग से कोरोना की समीक्षा करने का प्रयास करूंगा। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मेरी गैरमौजूदगी में समीक्षा बैठक गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग और स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी करेंगे। मैं खुद भी क्वरैंटाइन रहते हुए इलाज के दौरान प्रदेश में कोरोना नियंत्रण के हरसंभव प्रयास करता रहूंगा। आप सब सावधान रहें, सुरक्षित रहें और गाइडलाइन का पालन जरूर करें।

# चीन के ४७ और एप्स पर पाबंदी

नई दिल्ली। लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा, एलएसी पर भारत और चीन के बीच चल रहे गतिरोध के बीच भारत सरकार ने ४७ और चाइनीज एप्स पर पाबंदी लगाने का फैसला किया है। इससे पहले सरकार भारत में बेहद पॉपुलर टिकटॉक एप सहित ५६ चाइनीज एप्स पर पाबंदी लगा चुकी है। चीन के ४७ और एप्स पर पाबंदी के बाद अब कुल १०६ चाइनीज मोबाइल एप्स को देश की संप्रभुता, एकता और सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए रोक लगाई जा चुकी है। जानकार सूत्रों के मुताबित बताया कि जिन ४७ नई चीनी ऐप पर अब रोक लगाई गई है वे पहले बंद की गई एप्स के ही प्रतिरूप या उन्हीं का अलग रूप हैं। बताया जा रहा है कि इस संबंध में शुक्रवार को




आदेश जारी कर दिया गया है। जिन नए एप्स पर रोक लगाई गई है उनकी सूची तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाई है और न ही इसके बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ कहा गया है। सरकार ने इससे पहले २६ जून को चीन की ५६ एप्स पर पूरी तरह से रोक लगा दी है।

# चीन, पाक के सामने घुटने टेकने वाली कांग्रेस हमें नसीहत न दे : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर बार–बार झूठ बोलने और सेना का अपमान करने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि कांग्रेस की सरकारों के दौरान चीन ने भारत की ४३,००० वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा जमाया। पार्टी ने कहा कि राहुल गांधी चाहे जितने झूठ बोले लेकिन उनके परिवार पर लगा कलंक कभी नहीं मिट सकता। इसलिए, चीन और पाकिस्तान के सामने घुटने टेकने वाली पार्टी उसे कोई नसीहत न दे। पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता जी वी एल नरसिम्हा राव ने कहा, राहुल गांधी बार–बार झूठ बोलकर भारत की सेना का अपमान कर रहे हैं। डोकलाम के बाद, सर्जिकल स्ट्राइक के बाद, बालाकोट में एयर स्ट्राइक के बाद, हर बार सेना ने अपने पराक्रम से भारत को विजय दिलाई। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी लेकिन हर बार भारतीय सेना का "मनोबल" गिराने के लिए सेना का अपमान करने का दुस्साहस करते हैं। उन्होंने कहा, फिर एक बार हमारे २० जवानों ने भारत की सीमाओं की सुरक्षा के लिए अपनी जान दे दी। इन कुर्बानियों का राहुल गांधी बार–बार अपमान करने का साहस कर रहे हैं। राव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी की सरकारों के दौरान भारत को चीन के हाथों ४३,००० वर्ग किलोमीटर जमीन गंवानी पड़ी। उन्होंने कहा, अगर आप में थोड़ी भी शर्म बची है तो भारत की भूमि सरेंडर करने के लिए आपकी पार्टी के अध्यक्ष, आपके नेतृत्व को देश की जनता से क्षमा मांगनी चाहिए। चीन द्वारा भारत की भूमि पर कब्जा किए जाने संबंधी आंकड़े प्रस्तुत करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा, ये आपके परिवार का इतिहास है। आप जितने भी झूठ बोलेंगे आपके परिवार पर जो कलंक है, वो नहीं मिट सकता। इसलिए चीन के सामने, पाकिस्तान के सामने घुटने टेकने वाली पार्टी हमें कोई नसीहत न दे। उन्होंने कहा कि भारत की सार्वभौमिकता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित है। उन्होंने कहा, हर इंच भारत की भूमि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सुरक्षित है। भारत की सेना का अपमान करना राहुल गांधी छोड़ दें। इससे पहले, राहुल गांधी ने लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध की पृष्ठभूमि में को कहा कि वह चीन की घुसपैठ पर झूठ नहीं बोलने वाले हैं, चाहे उनका राजनीतिक जीवन ही क्यों न खत्म हो जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि चीनी सैनिकों की भारतीय सीमा में घुसपैठ को नकारने और इस विषय पर झूठ बोलने वाले देशभक्त नहीं हैं। राहुल गांधी के इस बयान को हास्यास्पद बताते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा, उनका करियर बहुत पहले ही खत्म हो चुका है। २०१६ में ही आपका राजनीतिक 'सनसेट' (सूर्यास्त) हो गया है। आप केवल कांग्रेस पार्टी के भविष्य को खत्म करने का लक्ष्य लेकर आगे चल रहे हैं और इसके अलावा राहुल गांधी को हम बहुत गंभीरता से नहीं लेने वाले हैं।

# मोदी ने उद्धव ठाकरे को जन्मदिन की बधाई दी

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे आज अपना ६० वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे को आज उनके जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीर्घायु होने एवं स्वस्थ जीवन की कामना की है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट में लिखा, "महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री उद्धव ठाकरे जी को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं मैं उद्धव जी के स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु होने की कामना करता हूं। पीएम ने कहा कि जन्मदिन अतीत की याद ताजा करने का दिन है, साथ ही भविष्य के लिए एक चार्ट भी है। उन्होंने तहा, "मुझे विश्वास है कि आज का दिन आपको अपने राज्य और देश के विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने और अधिक ताकत देगा।

# दो और राज्यों में लाख पार संक्रमित

नई दिल्ली। महाराष्ट्र, तमिलनाडु और दिल्ली के बाद दो और राज्यों में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा एक लाख की संख्या पार कर गया है। सोमवार को दक्षिण के दो राज्यों आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में संक्रमितों की संख्या एक लाख का आंकड़ा पार कर गई। आंध्र प्रदेश में ६,०५१ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या एक लाख दो हजार ३४६ हो गई। कर्नाटक में सोमवार को ५,३२४ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या एक लाख एक हजार ४६५ हो गई। इस तरह अब पांच राज्यों में एक–एक लाख से ज्यादा संक्रमित हैं। सोमवार की शाम तक देश भर में ४३ हजार से ज्यादा मामले सामने आए थे, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या १४ लाख ८० हजार पहुंच गई। देश में सबसे ज्यादा संक्रमित महाराष्ट्र में सोमवार को संक्रमितों की संख्या में बड़ी कमी आई। राज्य में ७,६२४ नए संक्रमित सामने आए हैं। इसके साथ ही राज्य में संक्रमितों की कुल संख्या तीन लाख ८३ हजार ७२३ हो गई। राज्य में २२७ लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों की कुल संख्या १३,८८३ पहुंच गई। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को संक्रमितों की संख्या में बड़ी कमी आई। राज्य में ६१३ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या एक लाख ३१ हजार २१६ हो गई। दिल्ली में एक्टिव केसेज की संख्या सिर्फ १०,६६४ है। पश्चिम बंगाल में सोमवार को २,११२ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या ६०,८३० पहुंच गई। बिहार में सोमवार को संक्रमितों की संख्या थोड़ी कम हुई। राज्य में २,१६२ नए संक्रमित मिले और वहां संक्रमितों की संख्या ४१,१११ पहुंच गई। उत्तर प्रदेश में सोमवार को ३,५०२ नए मामले आए, जिसके बाद राज्य में संक्रमितों की संख्या ७०,४६३ पहुंच गई है। राजस्थान में ४४८ नए केस आए, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या ३६,८७८ पहुंच गई। ओड़िशा में १,५०३ नए मामले आए और केरल में ७०२ नए संक्रमित मिले। हरियाणा में ७६५ मामले आए। गुजरात में संक्रमितों का आंकडा सोमवार को भी एक हजार से ऊपर रहा। राज्य में १,०५२ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या ५६,८७४ हो गई। ये आंकड़े कोविड१९इंडिया डॉट ओआरजी के आंकड़ों पर आधारित हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक रविवार की देर शाम तक कुल संक्रमितों की संख्या १४ लाख ३५ हजार ४४८ थी, जिसमें से ३२,७७१ लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के बीच सोमवार को तीन शहरों में टेस्टिंग की नई सुविधा शुरू हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी ने खुद इसकी शुरुआत की। यह ऑटोमेटिक टेस्टिंग का सेंटर है, जिसे हाई थ्रूपुट कहा जाता है। इसे देश में सबसे ज्यादा प्रभावित शहर मुंबई के साथ साथ कोलकाता और दिल्ली से सटे नोएडा में शुरू किया गया है। बताया जा रहा है कि इससे एक दिन में दस हजार तक टेस्ट हो सकते हैं। इनके उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन के साथ साथ उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी प्रधानमंत्री के साथ जुड़े थे। इनकी शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा– आज भारत में पांच लाख से ज्यादा टेस्ट हर रोज हो रहे हैं। आने वाले दिनों में १० लाख टेस्ट हर दिन करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना के दौरान हर किसी को सिर्फ एक संकल्प के साथ जुटना है कि एक–एक भारतीय को बचाना है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा पीपीई किट मैन्युफैक्चरर है। उन्होंने बताया कि आज भारत में १२ सौ से ज्यादा मैन्युफैक्चरर हर रोज पांच लाख से ज्यादा पीपीई किट बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इन टेस्टिंग सेंटर्स की तारीफ करते हुए कहा– एक अच्छी बात ये भी है कि ये हाईटेक लैब्स सिर्फ कोरोना टेस्टिंग तक ही सीमित नहीं हैं, आने वाले दिनों में हेपेटाइटिस–बी और सी, एचआईवी और डेंगू सहित कई बीमारियों की टेस्टिंग के लिए भी यहां सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। लॉकडाउन करने के अपने फैसले का परोक्ष रूप से बचाव करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा– देश में जिस तरह सही समय पर सही फैसले लिए गए, यहीं वजह है कि आज भारत अन्य देशों के मुकाबले काफी संभली हुई स्थिति में है। आज हमारे देश में कोरोना से होने वाली मौतें बड़े–बड़े देशों के मुकाबले काफी कम हैं।

## कांग्रेस आज करेगी राजभवनों का घेराव

नई दिल्ली। कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नीतियों को लोकतंत्र के विरुद्ध करार देते हुए कहा है कि निर्वाचित सरकारें गिराने के षड्यंत्र के खिलाफ पार्टी आज देशभर में राजभवनों का घेराव करेगी। कांग्रेस ने कल सोशल मीडिया के जरिये 'लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ' कार्यक्रम आयोजित कर कहा कि इससे उसके षड्यंत्र का पर्दाफाश हुआ है। पार्टी के इस कार्यक्रम में कार्यसमिति के सदस्यों, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों, वरिष्ठ नेताओं, सांसदों तथा विधायकों ने हिस्सा लिया और सोशल मीडिया में वीडियो तथा मैसेज जारी कर राजस्थान के राज्यपाल से विधानसभा का सत्र बुलाने की मांग की है। पार्टी सुबह ११ बजे से विभिन्न राज्यों की राज भवनों के सामने भाजपा की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करेगी जिसमें उसकी प्रदेश इकाइयों के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। पार्टी का आरोप है कि राज्यपाल भाजपा की सरकार बनाने और कांग्रेस की चुनी हुई सरकारें गिराने की साजिश कर रही है।

# अद्‌भुत गाँव : सोते हुए लोगों का गाँव

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

दुनिया कई तरह के रहस्यों से भरी पड़ी है. ऐसी कई चीजें हैं, जिनका जवाब आज तक कोई नहीं दे पाया है. वैज्ञानिक भी ऐसी कई रहस्यमयी पहेलियों का जवाब ढूंढते हुए थक जाते हैं. लेकिन प्रकृति के रहस्य को वे भी नही सुलझा पाते रहस्य छिपा है कजाकिस्तान के एक अनोखे गांव में. यहां के लोग कई–कई दिनों तक सोते रहते हैं. इनके बारे में कहा जाता है इस गाँव के सभी लोग कुम्भकर्ण के रिश्तेदार हैं. उत्तरी कजाकिस्तान के कलाची गांव के लोग रहस्यमयी तरीके से सोने की बीमारी से पीड़ित था. कुछ बच्चे अचानक स्कूल में गिर गए थे और सोने लगे थे. इसके बाद इस बीमारी के शिकार लोगों की संख्या बढ़ने लगी. तभी से वैज्ञानिक इस गांव पर रिसर्च कर रहे हैं.वैसे कई वैज्ञानिक और डॉक्टर्स इस बीमारी पर रिसर्च कर रहे हैं, पर अभी तक इसका सही कि वो सड़क के बीच में ही सो जाते हैं और कई महीनों तक वहां सोते रहते हैं. बात इतने तक तो ठीक है, मगर जब उनकी नींद टूटती है तो उन्हें ये पता ही नहीं रहता है कि वो कैसे और कितने समय से सड़क पर सो रहे थे. इन लोगों का कहना है कि जब वो भी ये बीमारी है उनको पता ही नहीं चलता की वह सो गए हैं. मतलब ये लोग कहीं भी सोते हुए पाए जाते हैं, जैसे मार्केट, स्कूल, सड़कों, पार्कों कहीं भी इनको नींद आ जाती है और यह कई कई दिनों तक के लिए सो जाते हैं कजाकिस्तान का यह गांव यूरेनियम







हैं .रामायण में रावण के भाई कुम्भकर्ण तो सभी को याद होगा. अभी कुछ दिन पहले ही रामायण का प्रसारण लाक डाउन के दौरान हुआ है. इसमें दिखाया गया हैकि रावण का भाई कुम्भकर्ण छ महीने तक सोता है. आज भी कोई अधिक सोता है तो लोग उसे कुंभकर्ण कह कर पुकारते हैं. कुछ ऐसा ही हैं. जब यह लोग एक बार सो जाते हैं तो कई दिनों और महीनों तक सोते रहते हैं उठते ही नहीं. यह नींद महीनों की भी हो सकती है. इस कारण से बाहर एक लोग यहां के निवासियों को कुम्भकर्ण के रिश्तेदार कहते हैं. कलाची गांव से कई दिनों तक सोने का पहला मामला साल २०१० में सामने आया कारण उनको भी नहीं पता चल पाया है. वहीं कुछ डक्टर्स का कहना है की यह सब प्रदूषित पानी की वजह से हो रहा है. रहस्यमयी तरीके से सोने की वजह से इस गांव कौ सममचल भ्वससवू यानि झूठी नींद के लोगों का गाँव भी कहा जाने लगा है. इस बीमारी से परेशान लोगों की ये स्थिति है सोते हैं तो उनका दिमाग सुन्न हो जाता है और वो सपनों की दुनिया में चले जाते हैं. यह रहस्यमयी गांव कलाची उत्तरी कजाकिस्तान में है. यहां की आबादी करीब ६०० है और इस बीमारी से गांव के लगभग १४ः लोग पीड़ित हैं. इस गांव के लोगों की सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात ये है की जिनको की बंद हो चुकी खदान के पास स्थित है. जिसमें से जहरीला रेडिएशन होता रहता है. कई लोगों के मुताबिक शायद इस खदान की वजह से ही लोगों को ऐसी अजीब बीमारी हुई है. वैसे गांव में रेडिएशन की कोई खास मात्रा नहीं है. वहीं डॉक्टर्स भी इसके लिए रेडिएशन को जिम्मेदार नहीं मानते हैं.

# मैनचेस्टर, चेल्सी ने यूईएफए चौंपियंस लीग में बनाई जगह

लंदन। इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) क्लब मैनचेस्टर युनाइटेड और चेल्सी ने २०१९–२० प्रीमियर लीग के अंतिम दिन अपनी–अपनी जीत दर्ज करते हुए




खुद को टॉप चार में बनाए रखा और यूईएफए चौंपियंस लीग के अगले सीजन के लिए क्वालीफाई कर लिया। मैनचेस्टर युनाइटेड ने ब्रूनो फर्नांडीज के पेनल्टी पर किए गए गोल और फिर जेसी लिंगार्ड के इंजुरी टाइम में दागे गए गोल की मदद से यहां किंग पॉवर स्टेडियम में लिसेस्टर सिटी २–० से हराकर चौंपियंस लीग के लिए अपनी जगह पक्की की। इस जीत के साथ ही युनाइटेड की टीम गोल अंतर के कारण चेल्सी से आगे तीसरे नंबर पर रही। लिसेस्टर सिटी की टीम हार के बाद पांचवें नंबर पर रही और टीम अब २०२०–२१ के यूईएफए यूरोपा लीग में खेलेगी। वहीं, दूसरी तरफ, चेल्सी ने मेसन माउंट और ओलिवर गिरोउड के गोल की मदद से वांडर्स को २–० से हराकर चौंपियंस लीग में अपनी जगह बनाई। वांडर्स ने इस हार के कारण अपना छठा नंबर भी गंवा दिया। वांडर्स की टीम अब चाहेगी चेल्सी शनिवार को एफए कप के फाइनल में आर्सेनल को हरा दे, ताकि वह यूरोपा लीग के अंतिम स्थान पर अपनी जगह पक्की कर सके।

# राहुल ने केंद्र पर किया तीखा हमला

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय सीमा में चीन की घुसपैठ को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार देश के लोगों से सच छिपा रही है। राहुल ने अपनी वीडियो शृंखला में एक बार फिर दोहराया कि चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए सोमवार को कहा कि देश से सच छिपाना और चीन को ऐसा करने देना देशद्रोह होगा। राहुल गांधी ने कहा– चीन को लेकर मैं हमेशा सच ही बोलूंगा। फिर चाहे इसके लिए अपना पलिटिकल करियर ही क्यों न दांव पर लगाना पड़े। उन्होंने अपने नए वीडियो में कहा कि भारत की जमीन पर चीन के कब्जे के बारे में देश की जनता से सच बोलना ही सच्ची देशभक्ति है। राहुल गांधी ने कहा– अब यह साफ हो चुका है कि चीनी सेना हमारे इलाके में घुस आई है। इस बात ने मुझे परेशान कर रखा है। मेरा खून खौल उठता है कि कैसे किसी देश ने हमारे इलाके में घुसकर हमारी जमीन पर कब्जा किया। राहुल ने कहा– अगर एक राजनेता होने के नाते आप ये चाहें कि मैं



चुप रहूं और लोगों से झूठ बोलूं। तो मैं ऐसा नहीं करने वाला। अगर इन सब के बाद मेरा पॉलिटिकल करियर पूरी तरह बरबाद भी हो जाए तो भी मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि उनके लिए देश और देश की जनता सबसे पहले हैं। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे लोग जो हमारी जमीन पर चीन के कब्जे के बारे में झूठ बोल रहे हैं, वह राष्ट्रभक्त नहीं हो सकते।

# पेट्रोल की कीमतें स्थिरयडीजल के दाम में बढ़ोतरी


नई दिल्ली। पेट्रोल की कीमत आज लगातार २७वें दिन स्थिर रही जबकि डीजल के दाम में लगातार दूसरे दिन बढ़ोतरी दर्ज की गयी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजध ानी दिल्ली में आज डीजल की कीमत १५ पैसे बढ़कर ८१.६४ रुपये प्रति लीटर के रिकर्ड स्तर पर पहुँच गई। मुंबई में यह १४ पैसे महँगा होकर ८०.११ रुपये प्रति लीटर बिका। कोलकाता में डीजल का मूल्य १३ पैसे और चेन्नई में भी १३ पैसे की वृद्धि के साथ क्रमशः ७७.०४ रुपये और ७८.८६ रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया। दिल्ली में पेट्रोल का मूल्य ८०.४३ रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा जो २७ अक्टूबर २०१८ के बाद का उच्चतम स्तर है। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में भी पेट्रोल की कीमत




क्रमशः ८२.१० रुपये, ८७.१६ रुपये और ८३.६३ रुपये प्रति लीटर पर टिकी रही। देश के चार प्रमुख महानगरों में पेट्रोल–डीजल की कीमत (रुपये प्रति लीटर में) इस प्रकार रही : महानगरें पेट्रोलेंडीजल, दिल्ली ८०.४३ (स्थिर)–८१.६४ (१५ पैसे), कोलकातों८२.१० (स्थिर)–७७.०४ (१३ पैसे), मुंबई–८७.१६ (स्थिर) –८०.११ (१४ पैसे), चेन्नई८३.६३ (स्थिर)–७८.८६ (१३ पैसे)

# बदलती परिस्थितियां भारतीय अर्थव्यवस्था के पक्ष में : दास

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने देश में हुए पांच बड़े बदलावों को उल्लेखित करते हुये आज कहा कि इन बदलावों को 'संरचानत्मक परिवर्तन' में बदले जाने की जरूरत है और बदलती परिस्थितियां भारतीय अर्थव्यवस्था के पक्ष में हैं। दास ने उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ की राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों को संबोधित करते हुये कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को उल्लेखनीय लाभ होंगे क्योंकि आने वाले समय में भारतीय उद्योग की भूमिका बहुत अहम रहने वाली है, जिसे 'साइलेंट रिवोल्यूशन' का नाम दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत को इस समय वैश्विक संवर्धन चेन (जीवीसी) का हिस्सा बनने की दिशा में काम करना चाहिए। कोरोना वायरस 'कोविड–१९' महामारी की वजह से जीवीसी में हुए बदलाव से भारत



के समक्ष अवसर उत्पन्न हो गए हैं। उन्होंने कहा कि गैर बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों और बैंकों को किसी भी तरह की परिस्थिति उत्पन्न होने से पहले कोविड –१९ से संबंधित तनाव परीक्षण से गुजरने और पूंजी जुटाने की सलाह दी गयी है। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि भारत को अमेरिका और अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत को कृषि आय में सतत् वृद्धि वाली नीतियों की जरूरत, हाल के ृषि क्षेत्र सुधारों से नये अवसर खुले हैं। उन्होंने कहा कि बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में काम काज बढ़ाने से आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र दोनों को इस क्षेत्र के विकास में प्रमुख भूमिका निभानी चाहिय। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि बॉन्ड मार्केट में एक बार से गतिविधियां देखने को मिली हैं। पहली तिमाही

# सेंसेक्स १९४ अंक टूटा और निफ्टी ६२ अंक फिसला

मुम्बई। देश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों, रिजर्व बैंक की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट २०२० में कोरोना महामारी के कारण उपजी आर्थिक स्थिति को लेकर जतायी गयी चिंता के अलावा वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ने की खबरों से हतोत्साहित निवेशकों की बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजार आज लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का ३० शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स आज १९४.१७ अंक की गिरावट में ३७,६३४.७३ अंक पर और एनएसई का निफ्टी ६२३५ अंक यानी ०.५६ प्रतिशत की गिरावट में ११,१३१.८० अंक पर बंद हुआ। बाजार विश्लेषकों के मुताबिक निवेशकों का रुझान सुरक्षित निवेश में बढ़ गया है।



आरबीआई ने शुक्रवार को जारी अपनी रिपोर्ट में मार्च २०२१ तक संकट में फंसे रिण के बढ़कर कुल रिण के १५ प्रतिशत तक हो जाने की संभावना जतायी है। बैंकिंग और वित्तीय समूह में सर्वाधिक गिरावट दर्ज की गयी।चीन और अमेरिका की तनातनी बढ़ने तथा दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के टूटने से वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी हैं। बीएसई के २० समूहों में से १५ में गिरावट और पांच में तेजी रही। बीएसई में कुल २,८४८ कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें मात्र ८६८ में तेजीरही जबकि १,८०९ कंपनियों के शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी। शेष १७१ कंपनियों के शेयरों के दाम अपरिवर्तित बंद हुए। निफ्टी की ५० में से १८ कंपनियां तेजी और ३२ गिरावट में रहीं।

# टेस्ट चौंपियनशिप के भविष्य पर विचार कर रही है आईसीसी

दुबई। कोरोना महामारी के चलते कई सीरीज स्थगित हो जाने के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अपनी पहली टेस्ट चौंपियनशिप के भविष्य पर विचार कर रही है। कई टेस्ट सीरीज स्थगित हो जाने के कारण आशंकाएं उत्पन्न हो रही हैं कि क्या अगले वर्ष जून में लॉर्ड्स मैदान में टेस्ट चौंपियनशिप की दो शीर्ष टीमों के बीच फाइनल हो पायेगा। आईसीसी के महाप्रबंधक ज्योफ एलरडाइस ने कहा कि इस बारे में सदस्यों से बात की जा रही है कि आगे का क्या कार्यक्रम हो और चौंपियनशिप की क्या योजना है। उन्होंने हालांकि कहा कि फिलहाल फाइनल जून २०२१ का निर्धारित है लेकिन सदस्यों से बात की जा रही है कि जो सीरीज पहले स्थगित की गयी हैं उनका नया कार्यक्रम कैसे निर्धारित किया जाए। नौ शीर्ष देशों को घर–विदेशी जमीन के आधार पर तीन–तीन सीरीज खेलनी हैं और शीर्ष दो टीमें फाइनल में खेलेंगी। भारत अभी तालिका में पहले और ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर है।

# चाहे राजनीतिक जीवन ही क्यों न खत्म हो जाए, चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर झूठ नहीं बोलने वाला : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध की पृष्ठभूमि में सोमवार को कहा कि वह चीन की घुसपैठ पर झूठ नहीं बोलने वाले हैं, चाहे उनका राजनीतिक जीवन ही क्यों न खत्म हो जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि चीनी सैनिकों की भारतीय सीमा में घुसपैठ को नकारने और इस विषय पर झूठ बोलने वाले देशभक्त नहीं हैं। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा, एक भारतीय होने के नाते मेरी पहली प्राथमिकता देश और इसकी जनता है। उन लोगों के बारे में आपका क्या ख्याल है जो कहते हैं कि प्रधानमंत्री से चीन पर आपके सवाल भारत को कमजोर कर रहे हैं ? यह एकदम साफ है कि चीनी हमारे इलाके में घुस गये हैं। यह बात मुझे परेशान करती है। इससे मेरा खून खौलने लगता है कि कैसे एक दूसरा देश हमारे इलाके में घुस आया? कांग्रेस नेता ने कहा, अब आप एक राजनीतिज्ञ के तौर पर चाहते हैं कि मैं चुप रहूं और अपने लोगों से झूठ बोलूं तो ऐसा नहीं होने वाला है। मैंने उपग्रह की तस्वीरें देखी हैं, मैंने पूर्व सैन्यकर्मियों से बात की है। अगर आप चाहते हैं कि मैं झूठ बोलूं कि चीनी इस देश में नहीं घुसे हैं तो मैं झूठ नहीं बोलने वाला। स्पष्ट कर दूं कि मैं ऐसा नहीं करने वाला। चाहे मेरा पूरा भविष्य डूब जाए लेकिन मैं झूठ नहीं बोल सकता। चीन की घुसपैठ के मुद्दे को पिछले कई हफ्तों से उठा रहे राहुल गांधी ने दावा किया, मेरा मानना है कि वो लोग जो चीनियों के हमारे देश में घुसने के बारे में झूठ बोल रहे वही लोग राष्ट्रवादी नहीं हैं। मेरे ख्याल में जो लोग झूठ बोल रहे और कह रहे हैं कि चीनी भारत में नहीं घुसे हैं, वो देशभक्त नहीं हैं। उन्होंने कहा, इसलिए स्पष्ट कह दूं कि मैं चिंता नहीं करता, चाहे इसका राजनीतिक मूल्य भी चुकाना पड़े। मैं चिंता नहीं करता चाहे मेरा राजनीतिक जीवन पूरी तरह खत्म हो जाए। जहां तक भारतीय क्षेत्र का संबंध है, मैं इस बारे में केवल सच बोलूंगा। गौरतलब है कि लद्दाख में एलएसी पर पिछले कई हफ्तों से तनाव बना हुआ है। दोनों देशों के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है और चीन ने अपने सैनिकों को पीछे हटाने पर सहमति जताई थी, हालांकि खबरों में कहा गया है कि कुछ इलाकों में गतिरोध की स्थिति अब भी बनी हुई है।

# सुविधा शुल्क करा रहा हरियाली का सफाया

**कृष्ण कुमार शुक्ला अद्भुत समाचार नेटवर्क**

लखीमपुर खीरी। खीरी जनपद की शारदानगर रेंज के अफसरों व कर्मचारियों की जुगलबंदी के चलते भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। जहां कड़क गुलाबी नोटों की बदौलत हर जायज नाजायज काम सरेआम परवान चढाये जाते है। फिर चाहे प्रतिबंधित पेड़ों का कटान हो या फिर किसी लकडकट्टे को फंसाकर जुर्माने के नाम पर मोटी रकम डकारने का मामला हो। दक्षिण खीरी वन प्रभाग की शारदानगर रेंज तो पहले से ही अवैध कटान कराने में पूरे जिले में काफी चर्चित है। इस रेंज के रेंजर साहब भी अपनी रेंज की मानिंद खासे चर्चित हो रहे हैं। शारदानगर रेंज के रेंजर साहब की मर्जी के बिना कहीं भी पेड़ की एक डाल काटना भी टेढ़ी खीर है, लेकिन अगर लकडकट्टे साहब के मनमाफिक चढ़ावा चढ़ा दें तो फिर चाहे साखू, सागौन या चन्दन जैसे बेशकीमती पेड़ों का कटान हो जाये, साहब की बला से, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन अगर कोई लकडकट्टा साहब से चुराकर एक पेड़ भी काट लें, तो फिर उस लकडकट्टे की खैर नहीं। ऐसी दशा में साहब अपने खासमखास व सुरक्षा बल के एक वन दरोगा के हाथों उस लकडकट्टे को पकड़ अपने पास बुला लेते हैं और फिर जुर्माने व जेल भेजने की धौंस का दौर शुरू होता है। आखिरकार लकडकट्टे को साहब के सामने घुटने टेकने पड़ते हैं तथा बिना रसीद के जुर्माना भी भर देता है। वही साहब के तौर तरीकों के वाकिफकार लकडकट्टे अवैध कटान से पहले ही साहब के सामने हाजिरी भर बिना रसीद जुर्माना अदा कर धड़ल्ले से प्रतिबंधित आम, शीशम, जामुन आदि बेशकीमती पेड़ों को काट लेते हैं। इस अवैध कटान की बाबत अगर कोई साहब से पूछ ले, तो साहब अपने खास लकडकट्टे की ढाल बन परमिट बना होने का दावा कर मामला शांत कर देते हैं। साहब की कार्यशैली से सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि साहब अपने विभाग व सरकार के प्रति कितने ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ है। सरकार को ऐसे जुझारू, ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ अफसर के लिए विशेष पैकेज के साथ प्रमोशन देना चाहिए, ताकि अन्य अधिकारी भी साहब से सीख लेकर उनका अनुसरण करें।

# कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत जनपद मऊ पुलिस की कार्यवाही

**मोहम्मद अरशद**

मऊ। कारोना महामारी के दृष्टिगत जारी दिशा–निर्देशों के अनुपालन हेतु चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान दिनांक २२.०७.२० को



सुबह ८ बजे से दिनांक २३.०७.२० को सुबह ८ बजे तक जनपद के समस्त १७४ बैरियर प्वाइंट (११६ हाटस्पाट एरिया) पर चेकिंग के दौरान २०७८ वाहनों को चेक किया गया जिसमें ०८ वाहन सीज, ४३१ वाहनों का चालान तथा ६५ हजार ३०० रुपये शमन शुल्क वसूले गये। साथ ही साथ मास्क न लगाने पर किये गये ५१० चालान व वसूले गये ५४ हजार ३०० रुपये जुर्माना तथा लाकडाउन का उलंघन करने पर १०० चालान व वसूले गये २५ हजार ६५० जुर्माने सहित कुल ०१ लाख ४५ हजार ५५० रुपये जुर्माना वसूला गया। जनपद में भीड़–भाड़ वाले जगहों, बैंको, बाजारों व महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस–पास सोशल डिस्टेंशिंग का अनुपालन कराया जा रहा है।

# कोरोना संक्रमित सहकारी समिति कार्मिक की मौत

**कृष्ण कुमार शुक्ला अद्भुत समाचार नेटवर्क**

लखीमपुर खीरी। खीरी जनपद में कोरोना वायरस ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। जहां कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, वही एक हफ्ते में ही कोरोना वायरस से संक्रमित तीन मरीजों की मौत से प्रशासन में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खीरी जनपद के फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के सैदापुर में स्थित सहकारी समिति के आंकिक कमलेश दीक्षित ५५ वर्ष आज सुबह कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते मौत हो गई है। शनिवार को कमलेश दीक्षित की कोरोना वायरस की रिपोर्ट पजिटिव आई थी। रिपोर्ट आने के बाद कमलेश दीक्षित को होम क्वारेंटाइन किया गया था तथा घर पर ही उनका इलाज चल रहा था। जहां कमलेश दीक्षित कोरोना से जंग हार गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फूलबेहड़ के डाक्टर अमितेश दत्त ने कमलेश दीक्षित की कोरोना वायरस के संक्रमण से मृत्यु की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक मरीज के शव को सेनेटाइज करने के बाद ही अन्तिम संस्कार किया जाएगा, अन्तिम यात्रा में परिवार के सीमित लोग ही शामिल होंगे। ज्ञात हो कि २१ जुलाई को सैदापुर सहकारी समिति के पूरे स्टाफ की कोरोना वायरस से संक्रमण के सैंपल लिए गए थे। जिसमें शनिवार को कमलेश दीक्षित निवासी व रमेश प्रजापति निवासी अर्जुनपुरवा की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। अर्जुनपुरवा निवासी रमेश प्रजापति को शनिवार को ही स्वास्थ्य विभाग की टीम कोविड अस्पताल ले गई थी, लेकिन कमलेश दीक्षित को उसके घर में ही क्वारेंटाइन कर दिया गया था।

# पुलिस द्वारा लाये गए चार संदिग्धों में एक हुआ फरार

गोला गोकर्णनाथ–खीरी। थाना नीमगांव की चौकी सिकंदराबाद के अंतर्गत रायपुर निवासी चार लोगों को गश्त के दौरान पुलिस ने पकड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना नीमगांव की चौकी सिकंदराबाद के अंतर्गत रात्रि में गश्त के दौरान पुलिस ने चार लोगो को संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े देखकर पुलिस ने पकड़ा। और चौकी ले आई लेकिन वहां पर एक व्यक्ति की मौके से भागने की सूचना पर पुलिस में कोहराम मच गया पुलिस ने सिकंदराबाद स्थित मोबाइल टावर के निकट गन्ने के खेत में कांबिग कर ढूंढने का प्रयास किया लेकिन विफल रहे। वही पहुंचे सिकन्द्राबाद बजरंग दल के कार्यकर्ता नितेश मिश्र व पियुष जयसवल ने मौके पर पहुंचे तो पुलिस से जानकारी चाही लेकिन पुलिस ने किसी भी घटना से इनकार किया है,वही दो लोगों को पुलिस पुछ तांछ के लिये लाई थी जिसे थाने भेजा गया था। जिसके चलते सोसल मीडिया पर बायरल के आधार पर पूरे जिले मे खबर आग की तरह फैल गई, यह जानकारी क्राइम इंस्पेक्टर राजवर सिंह राजवंसी से जानकारी चाही तो उन्होंने ने बताया कि अभी घटना की जानकारी नही हो पाई है। यदि कोई मामला होगा तो उचित कार्रवाई की जायेगी।

# गौरव हत्याकांड का खुलासा, अभियुक्त गिरफ्तार

मोहम्मदी–खीरी। ग्राम शंकरपुर राजा निवासी गौरव हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर लेने का दावा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार भी कर लिया है। उधारी मांगने पर उसकी हत्या की गई। हत्यारे ने उसे उसकी उधारी की रकम देने के लिए गोला रोड पर लक्हा गुरुद्वारे के पास बुलाया था। जहां लेन–देन पर कुछ विवाद हुआ इसी विवाद पर उसके सर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मृतक के मामा की तहरीर पर एक नामजद वह चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक का पोस्टमार्टम रविवार को ही हो जाने के उपरान्त पुलिस ने शव को परिवार जनों को सौंप दिया। अन्तिम संस्कार के लिए मृतक के माता–पिता उसका शव शाहाबाद हरदोई ले गए हैं। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर राजा निवासी गौरव कुमार (३०) पुत्र नरेश चन्द्र मूल रूप से हरदोई जनपद के कस्बा शाहाबाद के मोहल्ला गिगयानियो का रहने वाला था। पिछले कई वर्षों से यहां अपने ननिहाल में मामा रामप्रकाश के पास रहता था। यहां उसने अपने मामा की खेती के अलावा काफी जमीन पटके पर भी ले रखी थी। आर्थिक रूप से मजबूत होने के कारण उसने उधारी भी बांट रखी थी तथा दोस्तों की भी लंबी लाइन थी। मृतक के मामा रामप्रकाश के अनुसार ग्राम सहादेवा निवासी नसीम के साथ भी उसकी दोस्ती थी और रुपयों का लेनदेन चलता था। गौरव ने नसीम को कुछ रकम उधार दे रखी थी जो वादे के अनुसार घुमा नहीं पा रहा था। जिसको लेकर इन दोनों के बीच विवाद भी हो चुका था। गौरव के उधारी वापसी के दबाव पर नसीम ने अपनी प्लैटिना बाइक गौरव को सौंप दी थी। उधारी की वापसी के दबाव के कारण इन दोनों में हफ्ता–दस दिन पूर्व खासा विवाद भी हो गया था। मृतक के मामा का आरोप है कि गौरव नसीम खासा नाराज था इसी नाराजगी के चलते उसने यह हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि शनिवार की शाम साढ़े सात बजे नसीम का गौरव के पास फोन आया कि अपना रुपया ले जाओ लक्हा गुरुद्वारे के पास आ जाओ यही रुपया दे देंगे। इस फोन काल पर ही गौरव बाइक से गोला रोड पर लकहा गुरुद्वारे के पास पहुंच गया कुछ देर बाद नसीब अपने चार साथियों के साथ आया और गौरव नसीम व उसके अन्य चार साथियों के बीच रुपए के हिसाब– किताब को लेकर बहस होने लगी। मामा का आरोप है कि इसी के बाद उसी ने गोली मारकर हत्या कर दी और शव को वहीं छोड़कर हत्यारे फरार हो गए। शव की सूचना पुलिस को मिली और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया रविवार होने के उपरसन्त भी शव का पोस्टमार्टम हो गया और शव परिवारजनों को सौंप दिया गया। मृतक के माता–पिता शव को शाहबाद ले गए जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस ने गौरव के मामा की तहरीर पर नसीम व उसके चार अज्ञात साथियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। नसीम के परिवार जनों का कहना है कि गौरव उधार की राशि से अधिक रकम बता रहा था जिस पर दोनों के बीच कहासुनी तो हुई थी लेकिन घटना के समय वह घर पर था तो प्रश्न उठता है कि इस के फोन से गौरव को फोन किसने किया। पुलिस ने नसीम को रात में ही घर से सोते हुए उठा लिया था अगर उसने हत्या की तो वह घर पर ही क्यों रहा। नसीम ने पुलिस कि पूछताछ में बताया होगा कि गौरव की हत्या में उसके साथ साथ कौन था। उसके मामा को यह कैसे जानकारी हुई कि नसीम के साथ चार अन्य साथी थे। जिसकी गुत्थी पुलिस को सुलझानी होगी।

# ११ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार


**मोहम्मद अरशद**

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों में देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान, थाना दक्षिणटोला पुलिस द्वारा मु०अ०सं० १३६/२० धारा ३२३. ५०४. ५०६, ३३६, ३०८ भादवि में वांछित अभियुक्त दीपक व दिलीप पुत्रगण सुरेन्द्र, कमलेश पुत्र उमाशंकर निवासीगण घोड़ दलाल की बारी थाना दक्षिणटोला, थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा मु०अ०सं० २६३/२० धारा ३०७, ३०८, ५०४, ५०६ भादवि में वांछित अभियुक्त जितेन्द्र पुत्र हरीमंगल व राहुल पुत्र जितेन्द्र निवासी बहादुरपुर थाना दोहरीघाट, थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मु०अ०सं० ३७७/२० धारा ३६३, ३६६, ५०६ भादवि में वांछित अभियुक्त अमन पुत्र हरिकेश निवासी ख्वाजजहांपुर व मु०अ०सं० ३८७/२० धारा ३५४क, ५०४, ५०६, ३४२ भादवि व ७/८ पोस्को एक्ट में वांछित अभियुक्त निजामुद्दीन पुत्र हदीश निवासी निजामुद्दीनपुरा थाना कोतवाली, थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा मु०अ०सं० ६१२/२० धारा ३०७, ३२३, ५०४, ५०६ भादवि में वांछित अभियुक्त इब्राहिम पुत्र गुलाम मुहम्मद निवासी कहिनौर, मु०अ०सं ६१३/२० धारा ३२३, ५०४, ५०६, ४५२, ३०८ भादवि में वांछित अभियुक्त संजीव कुमार पुत्र रामाशीष निवासी ताहिरपुर थाना सरायलखंसी, मु०अ०सं० ६१४/२० धारा ३२३, ५०४, ५०६, ४५२, ४२७, ३३६, ३०८ भादवि व ३(१)द एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त सुनील यादव व संजय कुमार पुत्रगण कालिका यादव निवासी ताहिरपुर थाना सरायलखंसी मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# बिजली कंपनियां बढ़ोतरी के प्रस्ताव को पेश करने में लगी

## उपभोक्ता परिषद बिजली कंपनियों के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए तैयार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पॉवर कार्पोरेशन की पांचों कंपनियां बिजली दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को पेश करने में लगी हुई हैं। इसके लिए कंपनियों की ओर से छह फीसद लाइन हानियों को बढ़ा कर वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) दाखिल कर दिया। जिसमे करीब ४५०० करोड़ का गैप दिखाया गया है। बिजली दरों में बढ़ोतरी हो सके, इसके लिए हरसंभव कोशिश करने में जुटी हुई हैं। वहीं उपभोक्ता परिषद भी कंपनियों के इन मंसूबों को दांव देने में लगा हुआ है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि वैसे डिस्कामों की ओर से अभी तक कैटेगरी वाइस बिजली दर बढ़ोतरी का कोई प्रस्ताव नहीं



दाखिल किया गया है। उपभोक्ता परिषद दावा कर रहा है दूसरे रास्ते से पॉवर कार्पोरेशन बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार कर दिया है। पावर कार्पोरेशन ने नियामक आयोग से अपने गैप की भरपाई कराने की मांग की है। इसका मतलब साफ है कि कंपनियों का गैप पूरा करने के लिए आयोग स्वतः बिजली दर बढ़ाने का निर्णय ले। मतलब यह की कंपनियों की ओर से पेश किए गए एआरआर प्रस्ताव को स्वीकार कर बिजली दर में बढ़ोतरी की कार्यवाही शुरू की जाए। बता दें कि कंपनियों की ओर से इस बार वितरण हानियां १७.६० प्रतिशत प्रस्तावित है। जबकि इसके पहले वितरण हानियां ११.६६ था। कम्पनियों ने छह प्रतिशत लाइन हानिया बढ़ाकर ४५०० करोड गैप निकाला है जो यह सिद्ध करता है की कही न कही इसमे बड़ा लोचा है।

# कोरोना संक्रमण के कारण जेल में बंद भाइयों की कलाई पर राखी नहीं बांध सकेंगी बहनें

लखनऊ। जेलों में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर उत्तर प्रदेश सरकार ने रक्षाबंधन पर्व पर कैदियों की बहनों से होने वाली मुलाकात पर रोक लगा दी है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को कहा कि ऐसा कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिये एहतियात के तौर पर किया गया है हालांकि बहनें जेल में बंद भाइयों को राखी और रोली लिफाफे में बंद कर दे सकती है। इसके लिये हर जेल में विशेष काउंटर की व्यवस्था की गयी है। मिष्ठान आदि देने की मनाही है। उन्होंने बताया कि एक अगस्त शाम चार बजे तक जेल के गेट पर बहनें एक लिफाफे में कैदी का नाम लिखकर राखी और रोली दे सकती हैं। मिलने वाले लिफाफों में बंद सामग्री को पूरी तरह सैनेटाइज करने के बाद कैदियों को दिया जायेगा। रक्षाबंधन वाले दिन जेलों में विशेष भोजन की व्यवस्था की जायेगी। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में आदेश सभी जेल अधिकारियों को भेजे जा चुके हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों के दौरान राज्य की विभिन्न जेलों में कोरोना के कई मामले प्रकाश में आये है जिसके बाद विशेष सर्तकता बरती जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने ललित नारायण मिश्रा रेलवे चिकित्सालय का किया निरीक्षण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय का निरीक्षण किया। ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय में २०० बेड का कोविड लेवल–१ की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है, जिसमें अभी तक कुल ५६३ मरीजों का सफलता पूर्वक इलाज कर डिस्चार्ज किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस हास्पिटल में नव विकसित कोविड लेवल–२ के २५ बेड की सुविधाओं को देखा। रेल प्रशासन ने २५ बेड के वार्ड की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। इसके लिये ६ वेंटिलेटर की व्यवस्था की गयी है, जिसमें ५ मैकेनिकल वेंटिलेटर,४ नॉन–इनवेसिव वेंटिलेटर है। साथ ही सभी २५ बेड के साथ आक्सीजन सिलेण्डर व अन्य उपयोगी चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराये गये हैं। २६ जुलाई से कोविड लेवल–२ के लिए २५ बेड उपयोग में लाये जाने की योजना बनायी गयी है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने चिकित्सालय में कोरोना मरीजों के इलाज में बहुपयोगी कान्टेक्ट लेस, रिमोट संचालित रोबोटिक ट्राली का उद्घाटन किया। ज्ञातव्य है कि यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर में कोरोना मरीजों के इलाज में बहुपयोगी यह रोबोटिक ट्राली (केयर बॉट)



आतंरिक संसाधनों ने विकसित की गई है। इसका उपयोग करोना मरीजों को दूर से दवा व भोजन आदि देने के लिये किया जायेगा, जिससे कोरोना मरीजों एवं चिकित्सा कर्मियों के बीच निकट से कोई आदान–प्रदान नहीं होगा शोसल डिस्टेंसिंग बनी रहेगी। इसके उपयोग से पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (पीपीई) के खपत में भी कमी आयेगी। यह ट्राली कोरोना मरीजों को एक बार में ही दवा एवं खाने का सामान तेजी से तथा स्वच्छता के साथ कुशलतापूर्वक देने में सक्षम है। इस ट्राली में लगे उपकरण (थर्मल स्कैनर) से मरीजों का दूर से ही बुखार भी नापा जा सकता है। इस ट्राली में ३६० डिग्री एच.डी. विजन ऐप आधारित क्लाउड कैमरा लगा हुआ है। कैमरे के माध्यम से डाक्टर मरीजों से वीडियो कालिंग के माध्यम से वर्चुअल बातचीत कर सकते है। २५ मीटर रेन्ज वाली यह रोबोटिक ट्राली एक बार पूरी तरह चार्ज होने पर १२० मिनट तक लगातार कार्य कर सकती है। यह ट्राली ५० किग्रा. उठाने में सक्षम है। मरीजों के चिकित्सा प्रबन्धन में इससे काफी सुविधा होगी तथा सोशल डिस्टेंसिंग बनी रहेगी।

# कोरोना ड्यूटी में लगे होमगार्ड और स्वयंसेवकों को मिलेगा भोजन भत्ता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने कोरोना ड्यूटी में लगे होमगार्डो और स्वयंसेवकों को ड्यूटी दौरान प्रतिदिन प्रति के हिसाब से भोजन भत्ता दिये जाने का निर्णय लिया है। राज्य के अपर मुख्य सचिव (होमगार्ड्स) अनिल कुमार सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोरोना ड्यूटी में लगे होमगार्ड एवं स्वयंसेवकों को अन्तरजिलो एवं अन्तर्राज्यीय संचरण की स्थिति में ड्यूटी भत्ते के अतिरिक्त १०० रुपये प्रतिदिन भोजन भत्ता मिलेगा।

# फिट रहने के लिए एक्सरसाइज कर रहे हैं हीमैन धर्मेन्द्र

मुंबई। बॉलीवुड के हीमैन धर्मेन्द्र फिट रहने के लिये फार्म हाउस पर एक्सरसाइज कर रहे हैं। धर्मेन्द्र फिल्म इंडस्ट्री में सकिय नहीं हैं। वह अपना ज्यादातर समय अपने फार्म हाउस पर ही गुजारते हैं और वहीं से वीडियो बनाकर फैन्स के बीच शेयर करते हैं। धर्मेन्द्र के वीडियो को फैन्स खूब प्यार देते हैं।



वह अपने वीडियो में कभी फार्म हाउस में उगी सब्जियां दिखाते हैं तो कभी पेड़ पौधे दिखाते हैं, जिसे लोग बेहद पसंद करते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिर से एक वीडियो शेयर किया है। धर्मेन्द्र ने वीडियो को अपने ट्विटर एकाउंट पर पोस्ट किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वो पहले अपना फार्म हाउस दिखा रहे हैं, फिर अपने कमरे में ही एक्सरसाइज कर रहे हैं। धर्मेन्द्र का वीडियो सोशल मीडिया पर हमेशा की तरह वायरल हो रहा है। फैन्स इस पर कमेंट्स कर रिएक्शन भी दे रहे हैं।

# करीना को अपनी मां के लुक पर है गर्व

मुंबई। करीना कपूर खान ने अपनी मां और बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री बबीता के लुक की सराहना करते हुए उनकी एक पुरानी तस्वीर को साझा किया है। इंस्टाग्राम पर साझा की गई इस तस्वीर के कैप्शन में करीना लिखती हैं अगर लुक्स घायल कर सकते हैं..हैश टैगगा टाइटफ्रममायमामा। करीना की बड़ी बहन करिश्मा कपूर ने कई सारे रेड हार्ट ईमोजी के साथ इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी हैं।



अभिनय की बात करें तो करीना फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में आमिर खान के विपरीत नजर आएंगी जो हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' की आधिकारिक हिंदी रीमेक है। इसके अलावा करीना, करण जौहर की मल्टी–स्टारर फिल्म 'तख्त' का भी हिस्सा हैं जिसमें रणवीर सिंह, अनिल कपूर, आलिया भट्ट, विक्की कौशल, भूमि पेडनेकर और जान्हवी कपूर भी हैं।

# 'दिल बेचारा' की रिलीज के बाद कृति ने लिखी भावुक पोस्ट

मुंबई। दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की आखिरी फिल्म 'दिल बेचारा' को देखना कृति सैनन के लिए आसान नहीं रहा। फिल्म में सुशांत की परफर्मेंस को देखने के दौरान उनका दिल टूटा। इंस्टाग्राम पर ति ने अपने इन्हीं भावनाओं को व्यक्त किया है। कृति लिखती हैं, "यह ठीक नहीं है और कभी ठीक होगा भी नहीं.. इसने मेरा दिल तोड़ दिया..फिर से। मैनी में मैंने तुम्हें कई–कई बार जिंदा होते हुए देखा। मुझे पता है कि इस किरदार में तुमने अपना थोड़ा–बहुत कहां रखा था.और हमेशा की ही तरह तुम्हारा जादू तुम्हारी खामोशी में था..वे पल जहां तुमने कुछ नहीं कहा, लेकिन फिर भी बहुत कुछ कह गए। फिल्म के



निर्देशक मुकेश छाबड़ा के लिए ति आगे लिखती हैं, मुकेश मै जानती हूं कि हमने जितना सोचा था, उससे कहीं ज्यादा यह फिल्म तुम्हारे लिए मायने रखेगी। अपनी पहली ही फिल्म में तुमने हम सभी को काफी इमोश्नल महसूस कराया। तुम्हें और संजना संघी को आगे के खूबसूरत सफर के लिए शुभकामनाएं। संजना फिल्म की मुख्य अभिनेत्री हैं।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक